दिल्ली में अपराध

*873. { **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**
श्री जगदेव सिंह सिद्धांती :
श्री यशपाल सिंह :
श्री रामेश्वर टांटिया:
श्रीमती सावित्री निगम :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में अपराधों की संख्या फिर बढ़ रही है ;

(ख) क्या इन की रोक-थाम के लिये कुछ विशेष उपाय किये गये हैं ; और

(ग) क्या सरकार ने इस वृद्धि के कारणों का पता लगाने की कोशिश की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) कुछ बढ़ोतरी हुई है ।

(ख) जी, हां ।

(ग) अपराधों में वृद्धि के कारण मुख्य रूप से ये हैं :—

(i) स्थायी तथा अस्थायी दोनों प्रकार की जनसंख्या में वृद्धि;

(ii) अपराधों (खास तौर पर चोरी, सेंध लगाना तथा अपहरण शीर्षकों के अधीन) को छिपाने और कम दिखाने के विरुद्ध अभियान ।

वर्दियों के लिये धुलाई भत्ता

*874. { **श्री यशपाल सिंह :**
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री बागड़ी :
श्री किशन पटनायक :
श्री वाजी :
श्री दीनेन भट्टाचार्य :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चतुर्थ श्रेणी के सरकारी कर्मचारियों को वर्दी के लिये धुलाई भत्ता केवल एक रुपया मासिक मिलता है;

(ख) यदि हां, तो यह दर कब निर्धारित की गई थी; और

(ग) क्या धुलाई-व्यय बढ़ने के कारण इस दर म वृद्धि करने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वर्दी की धुलाई के लिये दिये जाने वाले भत्ते की वर्तमान दरें इस प्रकार हैं :—

(i) मंत्रियों और संयुक्त सचिवों और उन से ऊपर के पदाधिकारियों के साथ काम करने वाले जमादार 1.50 प्रति मास

(ii) अन्य सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी 1.00 प्रति मास

(ख) ये दरें 1950 में निर्धारित की गई थीं किन्तु समय-समय पर इनका पुनरवलोकन किया गया है ।

(ग) धुलाई भत्ते को वर्तमान दरों को बढ़ाने का विचार नहीं है क्योंकि इस तरह का भत्ता धुलाई के खर्च के केवल एक भाग के रूप में दिया जाता है, और यह आशा नहीं की जाती कि इस से धुलाई का सारा खर्च पूरा हो जायेगा ।

Failures in Examinations

*875. **Shri P. C. Borooah:** Will the Minister of **Education** be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 65 on the 19th November, 1964 and state:

(a) whether the remaining State Governments have also since endors-